बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 08/05/2018

अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 06-01/2018 391 बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 5 (2) तथा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के प्रावधानों के अधीन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 6294 दिनांक 08.04.2011 द्वारा जिला पदाधिकारी, पटना को तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटि के निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। साथ ही साथ बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 4 की उपधारा-1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन प्राधिकार के अधिसूचना संख्या 9073 दिनांक 30.09.2011 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को उक्त प्रबंधक कमिटि के पाँच निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन के लिए निर्वाची पदाधिकारी (Returning Officer) के रूप में नियुक्त किया गया है।

2. उक्त बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 4 की उपधारा-1 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाची पदाधिकारी (Returning Officer) के अधीन प्रबंधक कमिटि के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित पाँच निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक निर्वाची पदाधिकारी (Assistant Returning Officer) के रूप में कार्य करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी/ वरीय उपसमाहर्ता को नियुक्त करने के लिए जिला पदाधिकारी, पटना -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (प्रबंधक कमिटि तख्त श्री हरिमंदिर जी का निर्वाचन) को प्राधिकृत किया जाता है:-

(i) निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1 (पटना सिटी-गुरू गोविन्द सिंह पथ से पूरब से नगर निगम सीमा के पूर्वी क्षेत्र तक

(ii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 (गुरू गोविन्द सिंह पथ से पश्चिम गार्डिनर रोड के पूरब तक बोरिंग रोड कॉलोनी सहित)

(iii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या-3 (दानापुर, खगौल, चितकोहरा, नूतन राजधानी क्षेत्र एवं पटना जिला के शेष भाग)

(iv) उत्तर बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

(v) दक्षिण बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

(फूल सिंह)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 391 पटना/ दिनांक 08/05/2018

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 391 पटना/ दिनांक 08/05/2018

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना/ जिला अपर समाहर्ता, पटना -सह- नोडल पदाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाची पदाधिकारी, पटना सिटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 391 पटना/ दिनांक 08/05/2018

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव, बिहार/ प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ पुलीस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 391 पटना/ दिनांक 08/05/2018

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी